COMMONSPIRIT HEALTH
शासन नीति परिशिष्ट

परिशिष्ट वित्त G-003A-3 **लागू होने की तारीख:** 1 नवंबर, 2021

विषय: वित्तीय सहायता - Washington

संबंधित नीतियां

CommonSpirit शासन नीति वित्त G-003, *वित्तीय सहायता नीति*
CommonSpirit शासन नीति वित्त G-004, *बिलिंग और उगाही*

यह Washington परिशिष्ट (परिशिष्ट) CommonSpirit शासन नीति G-003, *वित्तीय सहायता* (वित्तीय सहायता नीति) का, यथावश्यक, अस्पताल चैरिटी केयर के प्रावधान के संबंध में Washington के कानूनों और विनियमों को ध्यान में रखते हुए और उनका पालन करने के लिए, वित्तीय सहायता नीति के "अन्य कानूनों के साथ समन्वय" अनुभाग के अनुसार पूरक है।

जैसा कि वित्तीय सहायता नीति में परिभाषित किया गया है, यह परिशिष्ट Washington राज्य में सभी CommonSpirit Health प्रत्यक्ष संबंद्ध संस्थाओं और कर-मुक्त सहायक कंपनियों पर लागू होता है। यदि इस परिशिष्ट का कोई प्रावधान वित्तीय सहायता नीति के किसी प्रावधान के विरोध में या असंगत है, तो इस परिशिष्ट का नियंत्रण होगा।

वित्तीय सहायता नीति में आपातकालीन चिकित्सा देखभाल और चिकित्सकीय आवश्यक देखभाल (EMCare) के संदर्भों की व्याख्या क्रमशः WAC 246-453- 010(7) और (11) में निहित "उपयुक्त अस्पताल सुविधा-आधारित चिकित्सा सेवाओं" और "आपातकालीन देखभाल या आपातकालीन सेवाओं" की परिभाषाओं के साथ सुसंगत रूप से की जानी चाहिए।

परिभाषाएं

A. "पारिवारिक आय" का अर्थ है करों से पहले कुल नकद प्राप्तियां जो, WAC 246-453-010 (17) के अनुसार, मजदूरी और वेतन, कल्याण भुगतान, सामाजिक सुरक्षा भुगतान, हड़ताल लाभ, बेरोजगारी या विकलांगता लाभ, बाल सहायता, गुजारा भत्ता और व्यक्ति को भुगतान की गई व्यवसाय और निवेश गतिविधियों से शुद्ध आय से प्राप्त होती हैं।

© Copyright 2021 CommonSpirit Health. For Internal Use Only

वित्तीय सहायता के लिए पात्रता

A. वित्तीय सहायता के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए मरीज के खाते में न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता नहीं होगी।

B. वित्तीय सहायता नीति में परिभाषित किए गए "मरीज सहयोग मापदंड" केवल उस सीमा तक लागू होंगे जहां तक वे:

- अस्पताल को WAC 246-453-020(1) के अनुसार अस्पताल सुविधा के साथ पहचाने जाने वाले किसी भी तृतीय-पक्ष के कवरेज से प्रतिपूर्ति करने की अनुमति देंगे;

- अस्पताल को तीसरे पक्ष के प्रायोजन के अस्तित्व या गैर-अस्तित्व को निर्धारित करने के लिए हर उचित प्रयास करने की अनुमति देंगे, जो WAC 246-453-020(4) के अनुसार प्रत्येक मरीज को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए पूर्ण या आंशिक रूप से कवर कर सकता है; और
- WAC 246-453-020(5) के अनुसार, वे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, या संवेदी कमियों या भाषा बाधाओं को ध्यान में रखते हुए जो जिम्मेदार पार्टी की आवेदन प्रक्रियाओं के अनुपालन की क्षमता में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं, चैरिटी केयर प्रायोजन के लिए आवेदन प्रक्रियाएं लागू नहीं करते हैं जो जिम्मेदार पक्ष पर अनुचित बोझ डालती हैं।

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने की विधि

A. प्रायोजकता के प्रारंभिक निर्धारण तक पहुंचने के उद्देश्य से अस्पताल जिम्मेदार पक्ष द्वारा मौखिक रूप से प्रदान की गई जानकारी पर निर्भर रहेगा। WAC 246-453-030(1) के अनुसार,अस्पताल को प्रायोजन स्थिति के प्रारंभिक निर्धारण के लिए अस्पताल को प्रदान की गई जानकारी की सटीकता को प्रमाणित करने वाले बयान पर जिम्मेदार पार्टी के हस्ताक्षर की आवश्यकता हो सकती है। WAC 246-453-020 (1) के अनुसार, यदि प्रायोजन की स्थिति का प्रारंभिक निर्धारण इंगित करता है कि जिम्मेदार पक्ष एक निर्धन व्यक्ति के रूप में वर्गीकरण के मापदंडों को पूरा कर सकता है तो उस वर्गीकरण के अंतिम निर्धारण तक जिम्मेदार पक्ष के लिए निर्देशित संग्रह प्रयासों को रोक दिया जाएगा बशर्ते कि जिम्मेदार पक्ष प्रायोजन की स्थिति के अंतिम निर्धारण तक पहुँचने के लिए अस्पताल के उचित प्रयासों में उसका सहयोग करें।

B. WAC 246-453-030(2) के अनुसार, वित्तीय सहायता नीति में सूचीबद्ध दस्तावेजों के अलावा, निम्नलिखित दस्तावेजों में से किसी एक को पर्याप्त सबूत माना जाएगा, जिसके आधार पर चैरिटी

© Copyright 2021 CommonSpirit Health. For Internal Use Only

देखभाल प्रायोजन स्थिति का अंतिम निर्धारण किया जा सकता है, जब आय की जानकारी को यथोचित रूप से वार्षिकीकृत किया जाता है:

- Medicaid या राज्य द्वारा वित्त पोषित चिकित्सा सहायता के लिए पात्रता को स्वीकृत या अस्वीकार करने वाले फ़ॉर्म;
- बेरोजगारी मुआवजे को मंजूरी देने या अस्वीकार करने वाले फॉर्म;
- नियोक्ताओं या कल्याणकारी संस्थाओं से लिखित बयान।

C. यदि ऐसा संकेत मिलता है कि मरीज की मानसिक, शारीरिक या बौद्धिक क्षमता के कारण, या भाषा की बाधा के कारण, आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने में मरीजों पर अनुचित बोझ पड़ेगा, तो अस्पताल आवेदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए उचित उपाय करेगा, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर आवेदन प्रक्रिया में मरीज की सहायता के लिए एक दुभाषिया को शामिल करना शामिल है।

D. अस्पताल सुविधाएं समय पर वित्तीय सहायता के लिए पात्रता के प्रारंभिक और अंतिम निर्धारण तक पहुंचने के लिए हर उचित प्रयास करेंगी। तथापि, अस्पताल सुविधाएं किसी भी समय, आवेदन की अवधि के बाद भी, तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने या यहाँ वर्णित दस्तावेज़ प्राप्त करने के बाद, जो यह दर्शाते हैं कि जिम्मेदार पक्ष की आय परिवार के आकार के लिए समायोजित संघीय गरीबी दिशानिर्देशों के दो सौ प्रतिशत (200%) के बराबर या उससे कम है, उन निर्धारणों को करेंगी। वित्तीय सहायता के लिए पात्रता के अंतिम निर्धारण तक पहुंचने के समय का अस्पताल द्वारा चैरिटी केयर राजस्व से कटौतियां की पहचान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा जो अशोध्य ऋणों से भिन्न होंगी। WAC 246-453-020(10)।

E. कोई भी जिम्मेदार पक्ष जिसे शुरू में वित्तीय सहायता प्राप्त करने के मानदंडों को पूरा करने के लिए निर्धारित किया गया है, उसे कम से कम चौदह (14) कैलेंडर दिन या ऐसा समय जो व्यक्ति की चिकित्सा स्थिति के अनुसार आवश्यक हो, या ऐसा समय जो प्रायोजन की स्थिति का अंतिम निर्धारण प्राप्त करने से पहले WAC 246-453-030 के भीतर वर्णित दस्तावेज को प्राप्त करने और प्रस्तुत करने के लिए उचित रूप से आवश्यक हो, दिया जाएगा।

F. WAC 246-453-030(4) के अनुसार, यदि जिम्मेदार पक्ष ऊपर वर्णित किसी भी दस्तावेज को प्रदान करने में सक्षम नहीं होता है तो अस्पताल एक निर्धन व्यक्ति के रूप में वर्गीकरण के लिए पात्रता का अंतिम निर्धारण करने के लिए जिम्मेदार पक्ष के लिखित और हस्ताक्षरित बयानों पर निर्भर करेगा।

© Copyright 2021 CommonSpirit Health. For Internal Use Only

G. WAC 245-453-030(5) के अनुसार, आय और परिवार के आकार के सत्यापन के लिए अस्पताल से जिम्मेदार पक्ष को अनुरोध उस जानकारी तक सीमित रहेगा जो यथोचित रूप से आवश्यक है और जो चैरिटी प्रायोजन के लिए जिम्मेदार पक्ष की योग्यता को प्रमाणित करने के लिए आसानी से उपलब्ध है, और उसे इस तरह के प्रायोजन के लिए आवेदनों को हतोत्साहित करने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। केवल पात्रता से संबंधित तथ्यों की पुष्टि की जा सकती है, और सत्यापन के प्रतिरूप फॉर्म की मांग नहीं की जाएगी।

H. WAC 246-453-020(7) के अनुसार, अस्पताल, सूचना प्राप्त करने के चौदह (14) कैलेंडर दिनों के भीतर प्रायोजक स्थिति के अंतिम निर्धारण हेतु वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को सूचित करेगा; इस तरह की अधिसूचना में उस राशि का निर्धारण शामिल होगा जिसके लिए जिम्मेदार पक्ष को वित्तीय रूप से जवाबदेह ठहराया जाएगा।

I. यदि अस्पताल जिम्मेदार पक्ष के वित्तीय सहायता आवेदन को अस्वीकार करता है तो अस्पताल जिम्मेदार पक्ष को सेवाएं प्रदान किए जाने के समय अस्वीकृति के बारे में और अस्वीकृति के मानदंड के आधार के बारे में सूचित करेगा, उचित निर्धारित राशि से अधिक कोई भी भुगतान चैरिटी केयर पदनाम प्राप्त करने के तीस (30) दिनों के भीतर मरीज को वापस कर दिया जाएगा। WAC 246-453-020(11)।

J. यदि जिम्मेदार पक्ष उचित EMCare से संबंधित एक हिस्से या पूरे शुल्क का भुगतान करता है, और तत्पश्चात यह पाया जाता है कि सेवाएं प्रदान किए जाने के समय उसने वित्तीय सहायता मानदंड को पूरा किया है तो निर्धारित उचित राशि से अधिक के भुगतान को चैरिटी केयर पदनाम प्राप्त करने के तीस (30) दिनों के भीतर मरीज को वापस कर दिया जाएगा। WAC 246-453-020(11)।

K. WAC 246-453-020 (6) के अनुसार, अस्पताल सुविधाओं को उन जिम्मेदार पक्षों से डिपॉजिट की आवश्यकता नहीं होगी जिनकी आय संघीय गरीबी दिशानिर्देशों के दो सौ प्रतिशत (200%) के बराबर या उससे कम है, जैसा कि परिवार के आकार के लिए समायोजित किया गया है, जैसा कि प्रायोजन स्थिति के प्रारंभिक निर्धारण के माध्यम से इंगित किया गया है

आनुमानिक पात्रता

यदि अस्पताल कर्मियों को जिम्मेदार पक्ष की पहचान एक गरीब व्यक्ति के रूप में स्पष्ट होती है, और अस्पताल के कर्मचारी WAC 246-453-040 में वर्णित व्यापक मापदंडों के भीतर आय स्तर की स्थिति स्थापित कर पाते हैं, वित्तीय सहायता नीति में निहित व्यक्तिगत जीवन परिस्थितियों के आधार पर या

© Copyright 2021 CommonSpirit Health. For Internal Use Only

अन्यथा, अस्पताल सटीक आय स्तर स्थापित करने या जिम्मेदार पक्ष से दस्तावेज़ीकरण का अनुरोध करने के लिए बाध्य नहीं है जब तक कि जिम्मेदार पक्ष आगे की समीक्षा का अनुरोध नहीं करता है।

अपील

A. वित्तीय सहायता से वंचित सभी जिम्मेदार पक्षों को एक अपील प्रक्रिया प्रदान की जाएगी और उसकी सूचना दी जाएगी जो उन्हें दस्तावेज़ीकरण में किसी भी कमी को सुधारने में या अस्वीकृति की समीक्षा का अनुरोध करने में मदद करेगी और इसके परिणामस्वरूप अस्पताल सुविधा के मुख्य वित्तीय अधिकारी द्वारा निर्धारण की समीक्षा की जाएगी।

B. जिम्मेदार पक्षों को सूचित किया जाएगा कि वित्तीय सहायता के लिए उनकी पात्रता के अंतिम निर्धारण की अपील का अनुरोध करने के लिए उनके पास तीस (30) कैलेंडर दिन हैं। इस अवधि के पहले चौदह (14) दिनों के भीतर, अस्पताल जारी किए गए खाते को किसी बाहरी उगाही एजेंसी को सुपुर्द नहीं करेगा। यदि अस्पताल उगाही गतिविधियों की शुरुआत करता है और पता चलता है कि अपील दायर की गई है तो अपील को अंतिम रूप दिए जाने तक अस्पताल उगाही के प्रयासों को रोक देगा। चौदह (14) दिन की अवधि के बाद, यदि कोई अपील दायर नहीं की गई है, तो अस्पताल उगाही गतिविधियों की शुरुआत कर सकता है।

C. यदि अपील का अंतिम निर्धारण वित्तीय सहायता की पिछली अस्वीकृति की पुष्टि करता है तो अस्पताल राज्य के कानून के अनुसार जिम्मेदार पक्ष और स्वास्थ्य विभाग को लिखित अधिसूचना भेजेगा।

CommonSpirit शासन नीति वित्त G-003, *वित्तीय सहायता* में निर्धारित अन्य सभी शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

© Copyright 2021 CommonSpirit Health. For Internal Use Only